भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1193
उत्तर देने की तारीख 14 दिसम्बर, 2022

दूरसंचार से जुड़े सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम

1193. डॉ. बीसेट्टी वेंकट सत्यवती:

क्या **संचार मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में इस समय चल रहे दूरसंचार से जुड़े सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) का ब्यौरा क्या है और गत तीन वर्षों के दौरान इनका वित्तीय कार्य निष्पादन कैसा रहा;

(ख) क्या सरकार का घाटे में चल रहे दूरसंचार से जुड़े पीएसयू का पुनरुद्धार करने की कोई योजना तैयार करने का विचार है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार का किसी दूरसंचार से जुड़े पीएसयू का निजीकरण करने का विचार है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
संचार राज्य मंत्री
(श्री देवुसिंह चौहान)

(क) पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान दूरसंचार विभाग के अंतर्गत पीएसयू का वित्तीय कार्य निष्पादन अनुबंध-Iमें दिया गया है।

(ख) एवं (ग) भारत सरकार ने दिनांक 23.10.2019 को बीएसएनएल और एमटीएनएल के लिए पुनरूद्धार योजना को अनुमोदित कर दिया था। इस पुनरूद्धार योजना में अन्य बातों के साथ-साथ स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति स्कीम (वीआरएस) के माध्यम से कर्मचारी लागत में कटौती करना, संप्रभु गारंटी बॉन्ड जुटाकर ऋण का पुनर्गठन करना, पूँजी निवेश के माध्यम से 4जी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए स्पेक्ट्रम का प्रशासनिक आवंटन करना, प्रमुख और गैर-प्रमुख परिसंपत्तियों का मुद्रीकरण और बीएसएनएल और एमटीएनएल के विलय हेतु सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान किया गया है। इनके परिणामस्वरूप बीएसएनएल और एमटीएनएल वित्तीय वर्ष 2020-21 से ईबीआईटीडीए (ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन से पूर्व की आय) पॉजिटिव हो गए हैं।

इसके अतिरिक्त बीएसएनएल को एक व्यवहार्य सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम में परिणत करने के लिए सरकार ने दिनांक 27.07.2022 को बीएसएनएल के लिए 1.64 लाख करोड़ रूपए के पुनरूद्धार पैकेज को अनुमोदित किया था। मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित पुनरूद्धार उपायों में बीएसएनएल सेवाओं के उन्नयन के लिए नए पूँजी निवेश, स्पेक्ट्रम आवंटन, इसकी बैलेंस शीट को डी-स्ट्रैस करनेऔर बीएसएनएल के साथ भारत ब्रॉडबैंड निगम

लिमिटेड (बीबीएनएल) का विलय करके इसके फाइबर नेटवर्क को बढ़ाने पर ध्यान दिया गया है। इन उपायों के कार्यान्वयन से बीएसएनएल में बदलाव आने और इसके लाभ कमाने वाली कंपनी बनने की उम्मीद है।

(घ) एवं (ड.) फरवरी 2021 में घोषित आत्म निर्भर भारत के लिए नई सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम नीति के अनुसार दूरसंचार पीएसयू के विनिवेश की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

अनुबंध-I

वित्तीय वर्ष	**राजस्व करोड़ रुपए में**	**कर के पश्चात लाभ/(हानि) करोड़ रुपए में**
आईटीआई लिमिटेड		
2021-22	2115.3	**121.06**
2020-21	2523.55	**11.2**
2019-20	2242.76	**147.48**
टीसीआईएल		
2021-22	1595.69	**30.32**
2020-21	1765.8	**52.76**
2019-20	1755.76	**-55.66**
बीएसएनएल		
2021-22	19,052	**-6,982**
2020-21	18,595	**-7,441**
2019-20	18,907	**-15,500**
एमटीएनएल		
2021-22	1,697	**-2,602**
2020-21	1,788	**-2,462**
2019-20	2,227	**-3,696**

****